हिन्दी में ई – मेल

– संतोष कुमार गुप्ता
कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक

संचार क्रांति के इस युग में अब संदेश मात्र डाक–तार से ही नहीं भेजे जाते हैं बल्कि इन्टरनेट, फैक्स, मॉडेम आदि अत्याधुनिक उपकरणों का बखुबी से प्रयोग होने लगा है । इस दिशा में केन्द्र सरकार तथा सभी प्रदेशों की राज्य सरकारें ई–गर्वनेन्स को बढ़ावा देने में प्रयासरत रहीं हैं। वर्तमान में ई–मेल द्वारा संदेश भेजने का चलन बढ़ गया है क्योंकि इससे संदेश भेजना जितना सरल है उतना ही कम खर्चीला भी है । इसके अतिरिक्त इन्टरनेट द्वारा प्रेषित संदेशों की गोपनीयता बरकरार रहती है क्योंकि इसके संचालन हेतु पासवर्ड की आवश्यकता पड़ती है ।

हिन्दी में ई–मेल भेजना

ई–मेल भेजने की प्रक्रिया अंग्रेजी एवं हिन्दी में एक समान ही है । सर्वप्रथम माउस से ''इन्टरनेट एक्सप्लोरर'' सक्रिय कर वांछित साइट लॉग ऑन करें । ई–मेल आई.डी. एवं पासवर्ड अपेक्षित स्थान पर टाइप कर ''ओ.के.प्रेस बटन'' क्लिक कर दें। हिन्दी में टाइप संदेश तथा तत्संबंधी फॉन्ट के एटैचमेन्ट विधि की जानकारी निम्नानुसार प्रस्तुत है :–

फॉन्ट एटैचमेन्ट संबंधी पूर्व तैयारी

चूँकि कम्पोज विन्डो में हिन्दी में संदेश टाइप करने की व्यवस्था नहीं होती है इसलिए हिन्दी में टाइप किए हुए संदेश (वर्ड अथवा एक्सेल फाइल) तथा संबंधित हिन्दी फॉन्ट को डेस्कटॉप पर पेस्ट कर दें क्योंकि बहुत संभव है कि जिस हिन्दी फॉन्ट में संदेश टाइप किया गया है वह फॉन्ट उस व्यक्ति के पास न हो जिसे आप संदेश भेज रहें हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित फॉन्ट जिसमें संदेश टाइप किया गया है, का प्रयोग कर प्राप्तकर्ता प्रेषित संदेश पढ़ने में सक्षम हो सकेगा।

01 ई–मेल एकाउन्ट ओपन होने पर कम्पोज बटन क्लिक कर कम्पोज विन्डो में प्राप्तकर्ता के नाम अंग्रेजी में संक्षिप्त संदेश टाइप करें कि **''मेल के साथ हिन्दी में संदेश तथा तत्संबंधी फॉन्ट एटैच किया जा रहा है।''** तदुपरान्त ''एटैच प्रेस बटन'' क्लिक करें।

02 ऐसा करते ही एटैचमेन्ट विन्डो ओपन होगा, जिसमें स्क्रीन पर एटैचमेन्ट हेतु विकल्प प्रदर्शित होगा जिसमें हिन्दी में टाइप किए हुए संदेश वाली फाइल के पाथ का उल्लेख करें । उदाहरण के लिए डेस्कटॉप पर ''संतोष'' नामक वर्ड फाइल को एटैच करने के लिए पाथ के रूप में C:\Document and settings \ Desktop \ SANTOSH . Doc का उल्लेख कर ''ओ.के. प्रेस बटन'' क्लिक करना होगा। ऐसा करते ही फाइल ''अपलोडिंग'' प्रक्रिया आरम्भ हो जाएगी । ''अपलोडिंग प्रक्रिया'' के समर्थन में पुष्टि संदेश स्क्रीन पर आने पर ''ओ.के.प्रेस बटन'' माउस द्वारा क्लिक कीजिए ।

03 इसी प्रकार फॉन्ट एटैच करने के लिए उपरोक्त विधि का पालन करें । ध्यान रखें कि फॉन्ट कन्ट्रोल पैनल के ''फॉन्ट फोल्डर'' में होते हैं । अतः फॉन्ट के पाथ का उल्लेख करने संबंधी व्यर्थ की परेशानी से बचने के लिए ऑपरेटर संबंधित फॉन्ट कॉपी कर डेस्कटॉप पर पेस्ट कर ले तथा एटैचमेन्ट हेतु विकल्प प्रदर्शित होने पर क्रमशः डेस्कटॉप

एवं फॉन्ट का नाम टाइप या सिलेक्ट कर दें । यदि फॉन्ट फ्लॉपी से एटैच करना हो तो ''ए'' ड्राइव का विकल्प पाथ के रूप में टाइप कर ''ओ.के.प्रेस बटन'' क्लिक करें। तदुपरान्त अपलोडिंग के समर्थन में पुष्टि संदेश स्क्रीन पर आने पर क्रमशः ''ओ.के.''व ''डन'' प्रेस बटन क्लिक कीजिए। ऐसा करते ही एटैचमेन्ट विन्डो बन्द हो जाएगी ।

04 ई–मेल भेजने के आखरी चरण के अन्तर्गत कम्पोज पेज पर एटैच्ड फाइलों की सूची प्रदर्शित होगी ।अब ''सेन्ड प्रेस बटन'' क्लिक कर दें । उपर्युक्त विधि के प्रयोग से हिन्दी में ई–मेल द्वारा संदेश भेजे जा सकते हैं।